महत्वपूर्ण

सं0-3/2025/145/तीस-4-2025/30-4099(099)/11/2025

प्रेषक,

एल0 वेंकटेश्वर लू,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग-4 लखनऊः दिनांक 12 मार्च, 2025

विषयः परिवहन आयुक्त संगठन के अन्तर्गत संभागीय शाखा के 04 आशुलिपिक के सृजित किये गये अस्थायी पदों की निरन्तरता जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उ0प्र0 के पत्र संख्या-1397(जी)ई/2024-76ई/86-200-11, दिनांक 13.12.2024 एवं पत्र सं0-109(जी)ई/2025-76ई/86-2000-11, दिनांक 29.01.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासनादेश संख्या-1554(1)/तीस-3-12, दिनांक 15.10.2012 एवं शासनादेश संख्या-2564 (1)/तीस-3-12, दिनांक 03.12.2012 द्वारा परिवहन आयुक्त संगठन के अन्तर्गत संभागीय शाखा के सृजित आशुलिपिक के कुल 04 अस्थायी पदों की निरन्तरता आगे बढ़ाये जाने हेतु शासन से अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में सम्यक विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि परिवहन आयुक्त संगठन के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-1554(1)/तीस-3-12, दिनांक 15.10.2012 द्वारा नवसृजित जनपद अमेठी के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) कार्यालय में अन्य पदों के साथ सृजित आशुलिपिक के 01 अस्थायी पद एवं शासनादेश संख्या-2564(1)/तीस-3-12, दिनांक 03.12.2012 द्वारा नवसृजित जनपदों- शामली, हापुड़ एवं संभल के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) कार्यालय में अन्य पदों के साथ सृजित आशुलिपिक के 03 अस्थायी पदों अर्थात कुल 04 अस्थायी पदों की निरंतरता दिनांक 28.02.2026 तक बढ़ाये जाने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि उक्त समयावधि में आशुलिपिक के प्रश्नगत 04 रिक्त पदों को भर लिया जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कम्प्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या-E-9-597-X-2024-25, दिनांक 06.03.2025 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एल0 वेंकटेश्वर लू)
प्रमुख सचिव।

http://ghosanadesh.up.gov.in

संख्या-3/2025/145/तीस-4-2025/30-4099(099)/11/2025, तद्दिनांक:-

उक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. जिलाधिकारी, अमेठी, शामली, हापुड़ एवं संभल।
3. कोषाधिकारी, अमेठी, शामली, हापुड़ एवं संभल।
4. अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उत्तर प्रदेश ।
5. वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9, उत्तर प्रदेश शासन।
7. निदेशक, अधिष्ठान पुनरीक्षण ब्यूरो, वित्त विभाग, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ।
8. सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), अमेठी, शामली, हापुड़ एवं संभल।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(के0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in